सफारी | बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ऐसा नजारा पहली बार दिखा

# पर्यटक भालू फैमिली को देख हुए रोमांचित





**चिल्हारी नवभारत 9 नवंबर।** बाघों के गढ़ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इस बार भालू फैमिली ने पर्यटकों का दिल जीत लिया। जिसे देखकर पर्यटकों ने भी खूब आनंद उठाते हुए ऐसा दृश्य देखकर अचंभित भी हुए, ताला जोन में सफारी के दौरान पर्यटकों ने एक नहीं बल्कि पूरी भालू फैमिली को साथ घूमते देखा। नर, मादा और उनके दो छोटे बच्चों का यह दुर्लभ नजारा देख सभी रोमांचित हो उठे।

भालुओं का यह परिवार ताला जोन के नाली घाट क्षेत्र में दिखाई दिया। पहले मादा भालू झाड़ियों से बाहर निकली, कुछ ही पलों बाद नर भालू और पीछे-पीछे दो नन्हे शावक भी आ गए। जो आपस में अठखेलिया कर रहे थे जिसका नजारा अविस्मरणीय था, परिवार को एक साथ देखकर सफारी वाहन में सवार पर्यटक उत्साह से झूम उठे। कई लोगों ने अपने कैमरे में यह खूबसूरत पल कैद किया।

### जोन में बढ़ी भालुओं की सक्रियता

वन विभाग के मुताबिक, इस जोन में भालुओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ी है। बारिश के बाद इलाके में कीड़े-मकोड़ों और फलदार झाड़ियों की भरमार होने से यह उनके लिए आदर्श स्थान बन गया है। भालू आम तौर पर दिन में कम दिखते हैं, लेकिन इस बार पूरे परिवार का एक साथ दिखना बेहद खास माना जा रहा है। पर्यटकों ने कहा कि बांधवगढ़ में जहां हर कोई बाघ देखने आता है, वहां भालू परिवार का यह दृश्य किसी बोनस जैसा था।

### महामन तालाब में नहाते नजर आए हाथी



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ के साथ जंगली बने हाथियों ने भी अपना ठिकाना बनाया हुआ है। यहां प्राकृतिक सुंदरता के बीच जंगली हाथियों को पानी में मस्ती करने का नजारा पर्यटकों ने देखा। 10 जंगली हाथियों का एक झुंड मगधी जोन के महामन डैम के पानी में मस्ती कर रहा था। हाथियों के झुंड में एक छोटा बच्चा भी अपने परिवार के साथ मस्ती कर रहा था। जैसे-जैसे बड़े हाथी कर रहे थे वैसे वह बच्चा भी कर रहा था।



# आदेश के बाद भी बंद नहीं हुआ अवैध ढाबा

- तहसीलदार के आदेश का पालन नहीं करवा पा रहे अमरपुर चौकी प्रभारी

**चिल्हारी नवभारत 9 नवंबर।** मानपुर तहसील के ग्राम पंचायत टिकुरी के ग्राम गड़रिया टोला में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर सार्वजनिक स्थान पर अवैध ढाबे में शराब, मांस, मछली आदि का व्यापार किया जा रहा है।

बताया जाता है कि अवैध अतिक्रमणकारी पर ग्राम पंचायत टिकुरी के सरपंच, पटवारी, सहित तहसीलदार द्वारा भी रोक लगाई गई थी, लेकिन अतिक्रमणकारी की दबंगई से सामने प्रशासन को भी किनारे होना पड़ा, जबकि प्रशासन द्वारा आधे निर्माण में ही नोटिस देकर स्टे जारी कर दिया गया, लेकिन अतिक्रमणकारी दबंगों के सामने प्रशासन की नहीं चल पाई और वर्तमान समय में उसी आराजी पर सार्वजनिक स्थान में अवैध ढाबा संचालित है।

### धड़ल्ले से हो रही मांस-मछली की बिक्री

बताया जाता है की अमरपुर चौकी प्रभारी को सरपंच सहित ग्रामवासियों द्वारा लिखित आवेदन देकर अवैध ढाबा को बंद कराने की मांग की गई है, लेकिन अमरपुर पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। बताया जाता है कि अवैध अतिक्रमण की कार्यवाही का आदेश 22 अक्टूबर को जारी किया गया था। वर्तमान स्थिति में अवैध ढाबे में शराब, मांस और मछली की बिक्री की जा रही है।

# अतिक्रमणकारियों को बढ़ावा दे रहे सरपंच

- अतिक्रमण की चपेट में ग्राम चिल्हारी

**चिल्हारी नवभारत 9 नवंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में हैं और ग्राम पंचायत के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। गांव के सरपंच स्वयं अतिक्रमणकारियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

ग्राम की तुरकहाई तलैया, ककरहाई तलैया, चिल्हरिहा तालाब, बस स्टैंड, गैठान भूमि, सार्वजनिक निस्तारी भूमि, स्कूलों की शासकीय भूमि, सार्वजनिक निस्तार के रास्ते आदि सभी जगहों पर अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर गांव के विकास कार्यों को रोक रखा है। प्रशासन ने ग्राम पंचायतों को इतना अधिकार दे रखा है कि चाहे तो एक दिन में पूरा गांव अतिक्रमण मुक्त हो सकता है, लेकिन कमाई के चक्कर में जिम्मेदार विकास की ओर ध्यान नहीं दे रहे।

### गांव में बंदरों का आतंक

चुनाव के समय जनता को लुभाने के लिए बादा किया गया था कि गांव से बन्दरों को भगाने का काम पहले किया जाएगा। आज जब बन्दरों के आतंक से पूरा गांव परेशान हैं फिर भी उन्हें भगाया नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बंदरों को तत्काल गांव से बाहर खदेड़ा जाए, साथ ही गांव को अतिक्रमण मुक्त कराया जायं ताकि विकास हो सके।

## राखी गुप्ता बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

**चिल्हारी।** मानपुर नगर के व्यवसायी पप्पू महाजन की पुत्री



राखी गुप्ता मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर राजनीति शास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त की गई है। यह जिले के लिए हर्ष का विषय है। इसकी खबर लगते ही नगर के व्यवसाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने पिता एवं पुत्री को बधाई दी।

# राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

**चिल्हारी नवभारत 9 नवंबर।** विगत कई दिनों से बस स्टैंड मानपुर प्रांगड़ में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के मानव जीवन के चरित्र चित्रण की रामलीला का कल समापन हो गया।

श्री राम लीला समिति बसस्टैंड मानपुर द्वारा आयोजित इस रामलीला में भरत मिलाप के साथ भगवान राम का राजतिलक किया गया और प्रभु श्री राम ने बंदरों की बिदाई भी की। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों को भगवान ने




अपने हाथों से अन्नदान किया। समिति के सभी सदस्यों और उपस्थित दर्शकों ने भगवान की महाआरती की। बस स्टैंड मानपुर प्रांगण में लगभग एक महीने से श्री राम लीला समिति द्वारा रामलीला का आयोजन समिति के कलाकारों और नगर के सभी समाजसेवी व धर्म प्रेमी नागरिकों के सहयोग से किया गया। समिति के संरक्षक सदस्य समाजसेवी शारदा प्रसाद गौतम ने समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आगे आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं करने वाली एजेंसी की भेजें रिपोर्ट, ठेकेदार को भी करें तलब

- जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर ने की कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायतों को जल प्रदाय योजनाओं को हैंड ओवर करने की प्रक्रिया में शासन द्वारा तय मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। साथ ही पूरा और दो वर्ष से लंबित जलप्रदाय योजनाओं का संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और पीएचई विभाग द्वारा एक सप्ताह में संयुक्त निरीक्षण कर पूरा जल प्रदाय योजनाओं का पंचायतों को हैंडओवर कराएं।



बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत नलजल योजनाओं मे शेष बचे हुए कार्यो का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमला, कार्य एजेन्सी इन प्रगतिरत ग्रामों को पूरा कर शासन द्वारा निर्धारित हस्तांतरण के दिशा-निर्देश के अनुसार जल प्रदाय योजना संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करते हुए पंचायत को हर-घर जल घोषित प्रमाणीकरण का कार्य किया जाना तय करें। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि पिछले एक-दो महीने से ट्रायलरन में संचालित योजनाओं की सूची तैयार कर जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध कराएं। जिससे हस्तांतरण कार्य में गति आ सके। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर सभी ठेकेदारो को पत्र के माध्यम से निर्धारित समय अवधि में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्यो को पूरा करने के लिए निर्देशित करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि जिस कार्य एजेन्सी द्वारा इन कार्यो को समय-सीमा में पूरा नहीं किया जाता और लापरवाही बरती जा रही है, उस कार्य एजेन्सी की रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगामी एक महीने में समीक्षा बैठक दोबारा बुलाई जाए और इस बैठक में ठेकेदारो की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हैं और संचालन संधारण ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है तो अंशदान की राशि, पेयजल शुल्क वसूलने की कार्रवाई किया जाना तय करें और पंचायत दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टी कराने के निर्देश सभी ग्राम पंचायतो को दें। जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक मे विकासखंड बहोरीबन्द के 32 अप्रारम्भ ग्रामों मे पेयजल व्यवस्था के लिए कूड़न जलाशय से जल निगम मर्यादित पन्ना को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, जल निगम मर्यादित पन्ना को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजने के निर्देश दिए।

# सीएसआर फंड की करें जांच, युवाओं को मिले रोजगार

- आम आदमी पार्टी ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटनी।** आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में बड़वारा तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बड़वारा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जनता की वर्षों से लंबित प्रमुख समस्याओं और जनहित के मुद्दों को उठाया गया।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि बड़वारा की जनता किसान, मजदूर, महिलाएं और नौजवान सभी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार ने वादे बहुत किए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस है।



अब जनता चुप नहीं बैठेगी। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन में किसानों से 31 सौ प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा करने, बिजली आपूर्ति, अल्ट्राटेक और जेके सीमेंट कंपनियों के सीएसआर फंड की जांच, स्थानीय युवाओं को रोजगार सहित अन्य मांगे शामिल है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव प्रताप सिंह परमार, जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, विनय पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मंगल भवन के पास बन रही मछली दुकान पर विवाद, स्थगन का आदेश

- ग्रामीणों की आपत्ति के बाद एसडीएम ने की कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत कुआं में शासन द्वारा स्वीकृत 15 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन मंगल भवन के पास ग्राम पंचायत द्वारा मछली दुकान का निर्माण कराया जा रहा था। इस निर्माण कार्य का ग्रामवासियों और स्थानीय संगठनों ने विरोध किया।

मछली दुकान रहवासी क्षेत्र और शासकीय उचित मूल्य की दुकान और निर्माणाधीन मंगल भवन के बाजू में बनाई जा रही थी। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष नवीन पप्पू उपाध्याय बहोरीबंद ने 5 नवंबर 2025 को एसडीएम बहोरीबंद को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम बहोरीबंद ने संबंधित स्थल की जांच के लिए हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुआं, पटवारी हल्का नंबर 54, खसरा नंबर 233 रकबा 0.20 हेक्टेयर की चारागाह भूमि के एक हिस्से पर पिलर बीम और ईंट जुड़ाई का कार्य चल रहा था। ग्रामवासियों ने भी निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम बहोरीबंद ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शिकायत के निराकरण और आगामी आदेश तक वहां पर हो रहे मछली दुकान के निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए। वहीं, ग्रामीणों ने मांग की है कि मछली दुकान का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराया जाए।

कार्यक्रम | धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर शिविर आयोजित

# 7,300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व दिव्यांगों को उपकरण किए वितरित





**डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत 9 नवंबर।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन डिंडौरी द्वारा जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु हद जनकल्याणकारी एवं विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बरगांव, विकासखंड शहपुरा में किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य जिले के सुदूर अंचलों में निवासरत बैगा, गोंड, भरिया एवं सहरिया जैसी जनजातियों को एक ही स्थान पर सभी स्वास्थ्य सेवाएं एवं शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। यह पहला अवसर था जब जिले में इतने बड़े स्तर पर स्वास्थ्य एवं दिव्यांग जन शिविर आयोजित किया गया।



### 60 पंजीयन काउंटर स्थापित किए गए

आयुष विभाग के अंतर्गत 2,195 रोगियों का उपचार किया गया। इनमें आयुर्वेद शाखा में 1,285, होम्योपैथिक शाखा में 553 और यूनानी शाखा में 357 रोगी शामिल रहे। शिविर में 60 पंजीयन काउंटर स्थापित किए गए। पिछले 15 दिनों में जनपद स्तर पर आयोजित दिव्यांग शिविरों से चिन्हित हितग्राहियों को इस मेगा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में लगभग 9,000 पंजीयन, 7,300 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं 482 दिव्यांगजनों को 1,816 सहायक उपकरण वितरित किए गए।

स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, जनजातीय कार्य, विद्युत, पीएचई, शिक्षा, खाद्य, आयुष, उद्योग, नगर परिषद, जनअभियान परिषद, नेहरू युवा केंद्र, खेल, श्रम एवं राजस्व विभाग सहित अनेक विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।सभी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया गया।

### जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम सहित जनप्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले नाबालिग बच्चों को शासन की विशेष योजना अंतर्गत 4,000 रुपये मासिक सहायता राशि, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र आदि उपकरण वितरित किए गए। जिसे पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों में खुशी स्पष्ट देखी गई।